सफलता पूर्वक 4 साल
www.politelive.com
# पोलिट लाइव
दैनिक डिजिटल अखबार
*वेब चैनल *यूट्यूब न्यूज *1 लाख लोग
वर्ष : 04 अंक : 345 Reg no - JH - 04-000-1393 धनबाद, शनिवार, 15 जून, 2024

A TRUSTED BRAND
CRESCENT INTERNATIONAL SCHOOL
CBSE AFFILIATED SENIOR SECONDARY SCHOOL (AFFILIATION NO. 3430385)
ADMISSION OPEN
SESSION 2024 - 2025
CLASS - 11 SCIENCE COMMERCE & ARTS
HOSTEL FACILITY AVAILABLE
AN INSTITUTION FOR QUALITY EDUCATION
LIMITED SEATS
FIT INDIA SCHOOL
TOP 500
ISO 9001:2015
9934319186 | BARIO, KNOWLEDGE VILLAGE, GOVINDPUR, DHANBAD

## धनबाद में इलेक्ट्रॉनिक सामान की दुकान में लगी भीषण आग, लाखों की संपत्ति जलकर खाक

पोलिट लाइव रिपोर्टर



धनबाद : धनबाद में भुईफोड़ -बलियापुर हीरक रोड में कोलाकुसमा मोड़ के पास श्री परिमल इलेक्ट्रिकल नामक दुकान में भीषण आग लग गई. घटना की जानकारी गुरुवार की सुबह लगी. इसके बाद आनन-फानन में अग्निशमन विभाग को जानकारी दी गई. मौके पर अग्निशमन विभाग की फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया. लेकिन तब तक लाखों की संपत्ति जलकर खाक हो चुकी थी. घटना के संबंध में दुकान के मालिक परिमल मंडल ने बताया कि उनके घर का ही सदस्य सुबह जब मॉर्निंग वॉक कर रहा था, तब उसने पाया कि दुकान के अंदर से धुंआ निकल रहा है. जिसके बाद घटना की जानकारी दी गई. मौके पर पहुंचकर दुकान का शटर खोलकर कर आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया, लेकिन आग तब तक भयावह स्थिति ग्रहण कर चुकी थी, जिस वजह से शटर पूरी तरह से गर्म हो चुका था. इस कारण शटर को खोला नहीं जा सका, जिसके बाद अग्निशमन विभाग को सूचना दी गई. फिर फायर ब्रिगेड की टीम ने पहुंचकर आग पर काबू पाया. वहीं इस आगलगी की घटना का प्रमुख कारण का अंदेशा लगाया जा रहा है कि शायद इन्वर्टर में शॉर्ट सर्किट लगना इसका मुख्य वजह हो. जिससे पूरी दुकान में आग फैल गई. फिलहाल कितने का नुकसान हुई है, इसका आकलन दुकानदार करने में जुट गए है. वही इस घटना की जानकारी पुलिस को दी गई. मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जानकारी लेकर जांच में जुट गई है.

## ट्रक और टेंपो के बीच भीषण टक्कर, पांच की मौत



पोलिट लाइव रिपोर्टर

रांची : झारखंड के गढ़वा जिले के नगर उंटारी थाना क्षेत्र के पाल्हे गांव में एक बड़ी सड़क दुर्घटना हुई है। यहाँ ट्रक और टेम्पू के आमने सामने की टक्कर में पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है। जबकि पांच लोग घायल हो गए है। घटना के बाद आसपास के लोगों के सहयोग से घायलों को सदर आसपास भेजा गया है। जहाँ एक की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। जिसे रांची रेफर कर दिया गया है।
जानकारी के मुताबिक नगर उंटारी थाना क्षेत्र के सीरियाटोंगर गांव से एक टेम्पू पर दस लोग सवार होकर नगर उंटारी रेलवे स्टेशन शक्तिपुंज एक्सप्रेस ट्रेन पकड़ने जा रहे थे। देर रात करीब डेढ़ बजे विपरीत दिशा से आ रहा ट्रक अचानक टेम्पू से जा टकराया। जिससे टेम्पू में सवार दस लोग सड़क के इर्द गिर्द गिर पड़े। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण सहयोग के लिए दौड़ पड़े। तब तक एक की मौत घटनास्थल पर हो गई। वहीं शेष नौ घायलों को गढ़वा सदर अस्पताल भेजा गया। जहां चार और घायलों की मौत इलाज के क्रम में हो गई। वहीं पांच घायलों में से एक की स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर किया गया है।

## अब जम्मू-कश्मीर के सभी स्कूलों में सुबह-सुबह बच्चे गाएंगे 'जन-गण-मन



पोलिट लाइव रिपोर्टर

जम्मू-कश्मीर : सभी स्कूलों में अब बच्चे सुबह-सुबह जन-गण-मन... गाएंगे।
प्रदेश के शिक्षा विभाग ने सभी स्कूलों को निर्देश दिए हैं कि सुबह की प्रार्थना सभा में राष्ट्रगान जरूर करवाया जाए। शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव ने परिपत्र जारी कर सभी स्कूलों को निर्देश भेज दिया है।

### अनुशासन और एकता का भाव पैदा करना लक्ष्य

इस सर्कुलर में कहा गया है कि सुबह की प्रार्थना सभा में राष्ट्रगान गाने से छात्रों में एकता और अनुशासन की भावना पैदा होती है। हालांकि देखा गया है कि केंद्र शासित प्रदेश के कई स्कूलों में इसका पालन नहीं किया जा रहा है। इस सर्कुलर में यह भी सुझाव दिया गया है कि बच्चों में पर्यावरण, नशीली दवाओं के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए कुछ अतिथि वक्ताओं को भी बुलाया जाए। सर्कुलर में कहा गया कि सुबह की सभा बच्चों को नैतिक समझ और मानसिक शांति का एक मंच हैं।



10 ग्राम 22 केरेट हॉलमार्क सोने के आभूषण प्रत्येक दिन के भाव पर ₹6000/- की भारी छूट
डायमंण्ड के आभूषण पर बनवाई बिल्कूल मुफ्त
चाँदी के आभूषण की बनवाई पर 50% तक की छूट
भरोसा आपका... साथ हमारा...
Since 1987
चेतन ऑरनामेन्टस
100% HALLMARK SHOWROOM
शिव शम्भु प्लाजा, जी. टी. रोड, गोविन्दपुर, फोन : 7061677637 | 8A, राठौर मेंशन, बैंक मोड़, धनबाद, फोन : 6299709575

# बिजली संकट क़े खिलाफ धनबाद विधायक ने हजारों कार्यकर्ताओं क़े साथ बिजली जीएम कार्यालय का किया घेराव

## विद्युत महाप्रबंधक अशोक कुमार सिंह अधीक्षण अभियंता एवं जेबीवीएनएल के पदाधिकारीओ ने नीचे जमीन पर ही बैठकर वार्ता शुरू की

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : धनबाद की बिजली पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी व्यवस्था के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी के द्वारा पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत धनबाद विधायक राज सिन्हा जी के नेतृत्व में विशाल प्रदर्शन एवं विद्युत महाप्रबंधक कार्यालय का घेराव किया गया। स्थानीय रणधीर वर्मा स्टेडियम से हजारों की संख्या में जिसमें महिला एवं पुरुष शामिल थे, जुलूस , कंबाइंड बिल्डिंग के लिए निकला पूरे रास्ते में चलते हुए कार्यकर्ता बिजली पानी दे ना सके वह सरकार निकम्मी है, जो सरकार निकम्मी है वह सरकार बदलनी है। झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन हाय-हाय, धनबाद के साथ सौतेला व्यवहार बंद करो आदि नारे लगा रहे थे। कंबाइंड बिल्डिंग के नीचे के मुख्य द्वार को पहले से जिला प्रशासन द्वारा बंद कर रखा गया था। मुख्य द्वार पर मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस बल




तैनात थी विधायक श्री सिन्हा जिला अध्यक्ष , श्रवण राय एवं सभी कार्यकर्ताओं को रोकने का प्रयास किया गया। जिससे थोड़ी देर के लिए कुछ कार्यकर्ताओं से पुलिस प्रशासन से बहस भी हुई। तीखी तकरार पर गेट प्रशासन द्वारा खोला गया। विधायक श्री सिन्हा के साथ सभी हजारों कार्यकर्ता प्रथम तल्ले पे स्थित (जेबीवीएनएल )विद्युत महा प्रबंधक के कार्यालय के बरामदे में पहुंचे.जिला प्रशासन एवं विद्युत विभाग जेबीवीएनएल के पदाधिकारियों के द्वारा विधायक श्री सिन्हा को चेंबर में बैठकर बात करने का आग्रह किया गया परंतु विधायक श्री सिन्हा ने साफ मना कर दिया, कहा कि आम जनता इस भीषण गर्मी में विधुत संकट से कराह रही है ऐसे मैं भी बाहर ही रहूँगा, विधायक राज सिन्हा,भाजपा जिला महानगर अध्यक्ष सरवन राय, जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र हंसदा, कन्हैया पांडे, महेंद्र शर्मा,महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष रीता यादव, महामंत्री रविंद्र सिन्हा,भारतीय जनता



युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अमलेश सिंह ,सभी मंडल अध्यक्ष सहित उपस्थित हजारो कार्यकर्ता विद्युत महा प्रबंधक कार्यालय के बाहर नीचे जमीन पर ही बैठ गए एवं जोरदार घेराव किया। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की बिजली समस्या एवं बिजली समस्या के वजह से पानी की समस्या का आक्रोश सभी ने नारे लगाकर प्रदर्शित किया। करीब 1 घंटे तक विद्युत महाप्रबंधक कार्यालय का घेराव किया गया तत्पश्चात मजबूरन विद्युत महाप्रबंधक अशोक कुमार सिंह अधीक्षण अभियंता एवं जेबीवीएनएल के पदाधिकारीओ ने नीचे ही बैठकर वार्ता शुरू की, धनबाद श्री सिन्हा , स्पष्ट शब्दों में कहां की धनबाद की इस भीषण गर्मी में एवं कुछ ही दिनों में बारिश भी शुरू होने वाली है निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए जो आवश्यक कार्य हैं उन्हें गंभीरता पूर्वक विभाग को ससमय करना होगा।वार्ता सकारात्मक रही विधायक श्री सिन्हा ने जो मांगे रखी वह निम्न प्रकार से है 1. धनबाद में 20 घंटा , बाधित बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित किया जाएगा 2.वैसे क्षेत्र जहां ट्रांसफार्मर में अधिक भार है उसे चिन्हित कर अतिरिक्त ट्रांसफार्मर अधिष्ठापन अविलंब किया जाएगा। 3.मानव बल की कमी की पूर्ति हेतु निगम के निर्देशानुसार आवश्यक कार्रवाई अविलंब की जाएगी 4. मरम्मती कार्य हेतु ली जाने वाली शटडाउन को नियमित किया जाएगा तथा यथासंभव स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित किया जाएगा । 5.उपभोक्ता के मीटर में वास्तविक पाठन से अधिक खपत की त्रुटि पूर्ण विपत्र की शिकायतों को निगम के नियमानुसार त्वरित किया जाएगा 6.नए मीटर में आए अधिक पाठन की शिकायत की जांच निगम के पदाधिकारी कर्मियों द्वारा शिकायत प्राप्त होने पर की जाएगी 7.नए विद्युत संबंध हेतु प्राप्त आवेदन को निगम के नियम अनुसार एक महीना के भीतर विद्युत संबंध मुहैया करा दी जाएगी।

साहरनपुर फर्नीचर एंड हेन्डीक्राफ्ट
WOOD CARVIN
+ दिवान पलंग + सोफा +
झुला + मोढ़ा + कोच
+ डाइनिंग टेबल + ड्रेसिंग टेबल
इत्यादि
सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक
जिला परिषद मैदान के अन्दर हीरापुर, धनबाद मो0 . 6395014911

EAST END CONVENT
Near G. N. College, Rani Road, Bhuda, Dhanbad
Mob.: 8210805005, 9334624678
1. Classes running from NUR. to (+2) Level
For (+2) : Science, Commerce & Arts.
2. Transportation Facility available at low rate.
3. Computer Lab.
4. Well Known Faculty Subject Wise.
5. Special Care for Weak Students.
6. Fee Structure very less in comparison to other C.B.S.E. School.
7. Extra Curriculum activities regularly.
8. Peaceful and well disciplined environment.
9. Upcoming Science Lab and Library.
10. We create leader through activities.

# ईद-उल–जुहा को लेकर धनबाद प्रशासनिक की तैयारी पूरी, जिला को सात जोन में बटा

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : ईद-उल-जुहा (बकरीद) को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण व हर्षोल्लास के साथ संपन्न कराने के लिए जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा, वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन तथा अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था) हेमा प्रसाद ने संयुक्त आदेश जारी कर जिले को 7 जोन में बांटा है।
सभी जोन में जोनल दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी तथा सभी थाना व ओपी में पुलिस पदाधिकारी के साथ दंडाधिकारी मौजूद रहेंगे। साथ ही विशेष निगरानी के लिए क्यूआरटी का गठन किया है।
ईद-उल-जोहा के अवसर पर




जिले को कतरास, धनबाद, चिरकुंडा, तोपचांची, झरिया, गोविंदपुर एवं टुंडी ज़ोन में बाटा गया है।

ईद-उल-जोहा के अवसर पर जिला नियंत्रण कक्ष 17 जून को सुबह 6:00 बजे से 18 जून की सुबह 6:00 बजे तक कार्यरत रहेगा। अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक जिला नियंत्रण कक्ष के संपूर्ण प्रभार में रहेंगे। जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या 2311217, 2311807, 112 व 100 है। धनबाद, बैंक मोड़, सरायढेला, धनसार, झरिया, जोरापोखर, सुदामडीह, पाथरडीह, तिसरा, सिंदरी, बलियापुर, केंदुआडीह, पुटकी, लोयाबाद, जोगता, कतरास, राजगंज, महुदा, मधुबन, बरोरा, तेतुलमारी, बाघमारा, तोपचांची, हरिहरपुर, बरवाअड्डा, गोविंदपुर, टुंडी, पुर्वी टुंडी, मनियाडीह, निरसा, चिरकुंडा थाना तथा भूली ओपी, घनुआडीह, बोर्रागढ़, भौंरा, लोदना, अलखडीहा, गौशाला, मुनिडीह, भागाबांध, अंगारपथरा, कपूरिया, रामकनाली, गोंदुडीह, खरखरी, ईस्ट बसुरिया, सोनारडीह, धर्माबांध, कालूबथान, कुमारधुबी, मैथन, गलफरबाड़ी, खरखरी, भाटडीह एवं पंचेत ओपी में पुलिस पदाधिकारियों के साथ साथ दंडाधिकारी मौजूद रहेंगे। संयुक्त आदेश में अनुमंडल पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, साइबर थाना को सोशल मीडिया व विभिन्न तरह के व्हाट्सएप ग्रुप इत्यादि पर लगातार नजर रखने का भी निर्देश है। इसके अलावा साफ सफाई व स्वच्छता एवं निर्बाध रूप से विद्युत व पेयजल आपूर्ति करने का आदेश है।

## झारखंड में बालू उठाव पर जल्द सरकार को निर्णय लेना चाहिए - ब्रजेंद्र प्र सिंह



पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : झारखंड प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति के अध्यक्ष सह उपाध्यक्ष झारखंड प्रदेश कांग्रेस ने आज कहा है कि पूरे राज्य में बालू की काफी किल्लत हो गई है जिससे सरकारी कार्यों के साथ-साथ सड़क निर्माण भवन निर्माणके साथ साथ आम जनता के काम में आने वाले बालू के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि पिछले लगभग एक वर्ष से ज्यादा से पूरे राज्य में बालू के लिए जनता के साथ-साथ सरकार के दूसरे एजेंसियां भी परेशान है जब तक सरकार के द्वारा कोई नीति नहीं बनाई जाती है या घाटों की नीलामी नहीं होती है तब तक जिला के उपायुक्तों के माध्यम से टेंपरेरी व्यवस्था कुछ कराई जाए अन्यथा झारखंड का विकास रोकने में बालू का भी बहुत बड़ा योगदान हो जाएगा बालू की कमी होने से पूरी राज्य में के हर जिलों में बड़े पैमाने पर बालू की चोरी हो रही है जिससे सरकार का राजस्व भी मारी जा रही है.

## 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के निमित्त बैठक संपन्न हुई



पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : आरोग्य भारती महिला आयाम की एक महत्वपूर्ण बैठक म. आयाम सह सचिव जिला धनबाद किरण सिंह के आवास में 21 जिन को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने के निमित्त एक अति महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। उपाध्यक्ष श्रीमती सुषमा जी की अध्यक्षता में यह बैठक संपन्न हुई। जिसमें मुख्य रूप से प्रांत की महिला आयाम प्रमुख श्रीमती रमा सिन्हा उपस्थित रहीं तथा उन्होने कार्यक्रम हेतु विशेष रूप से मार्गदर्शन दिया।
इस बैठक में महिला आयाम की सचिव संगीता शर्मा, नीलम जी,संगीता जी, शोभा गुप्ता, शकुंतला जी उपस्थित रहीं।

## धनबाद रेल मंडल ने विभिन्न खण्डों में चलाया टिकट चेकिंग अभियान

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : धनबाद मंडल में बड़े पैमाना पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है | इसी क्रम में 13 जून को धनबाद मंडल के विभिन्न खण्डों के साथ-साथ धनबाद, गोमो, कोडरमा, डाल्टनगंज, चोपन, बरकाकाना, सिंगरौली स्टेशनों में गहन टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया | इस जांच अभियान में कुल 1705 यात्रियों को पकड़ा गया जिसमें बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्री, बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करने वाले यात्री, बिना बुक किये गए सामान के साथ यात्रा कर रहे यात्रीगण शामिल थे | इस दौरान उनसे 09 लाख 76 हज़ार 660 रूपए जुर्माने के रूप में राशि प्राप्त की गई व कड़ी हिदायत दी गई | चेकिंग अभियान में 168 टिकट चेकिंग कर्मियों को लगाया गया था | चेकिंग टीमों द्वारा स्टेशनों एवं विभिन्न मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में भी चेकिंग किया गया | इस अभियान का उद्देश्य टिकट काउंटर की बिक्री बढ़ाना, बिना टिकट के यात्रा करने वाले यात्रियों पर लगाम लगाना एवं यात्रियों को टिकट लेने के लिए प्रेरित करना है जिससे कि वो अगली बार टिकट लेकर यात्रा करे।

## विश्व रक्तदाता दिवस पर कम्प्यूटर एसोसिएशन ऑफ धनबाद ने रक्तदान शिविर का किया आयोजन



पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : विश्व रक्तदाता दिवस पर कम्प्यूटर एसोसिएशन ऑफ धनबाद द्वारा उर्मिला टावर बैंक मोड़ में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। एसएनएमएमसीएच ब्लड बैंक द्वारा कुल 60 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। इस शिविर में 15 युवा लड़कों और 3 युवा लड़कियों ने पहली बार दान दिया। रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाने के लिए धनबाद विधायक श्री राज सिन्हा उपस्थित थे.
श्री चंद्र शेखर अग्रवाल, श्री विशाल कुमार, श्री संतोष कुमार, श्री अभय कुमार, श्री उदय ठाकुर और श्री समर रॉय को उनकी पहल के लिए विशेष धन्यवाद। हम रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं और कंप्यूटर एसोसिएशन ऑफ धनबाद के सभी सदस्यों को धन्यवाद देते हैं।

# नशा से होने वाली खराबी के बारे में जागरूकता अभियान चलाया गया

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : रेलवे स्टेशन चौक धनबाद अन्तर्गत में उपस्थित क्षेत्र ठेले वाले चौक, रिक्शा स्टैंड , ऑटो स्टैंड,दुकानदार,राहगीर , युवाओं एवं जनप्रतिनिधि लोगों के बीच सभी टीम सदस्यों ने काया कल्प नशा विमुक्ति केंद्र यांग ऐक्शन फॉर मास याम इंडिया समाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित मिशन की जागरूकता अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम का लक्ष्य था कि आज के युवा पीढ़ी नौजवानों में जो नशा का लत काफी तेजी से बढ़ रहा है। जिससे समाज में आए दिन बात विवाद एवं घटना हो रही है। उसी को रोकने को लेकर समाज में नशा मुक्त अभियान का आगाज किया गया। इस मौके पर पुराना




बाजार के वार्ड पार्षद में तौहीद आलम ने इस जागरूकता का मुख्य उद्देश्य से प्रभावित हुआ उन्होंने कहा नशा एक ऐसी हानिकारक है। जिससे आए दिन पिता-पुत्र पति-पत्नी एवं अपने रिश्तेदारों को नशे के हालत में बेतुकी बात एवं मारपीट लड़ाई झगड़ा उत्पन्न करती है जिससे समाज के छोटे-छोटे बच्चों में भी नशा का लत देखने को मिल रहा है। खास तौर पर जिस समाज के बच्चे नशे में विलय हो गए हैं यह काफी दुख की बात है। समाज के लोगों को चाहिए कि नशा से बिल्कुल मुक्त हो जाए आए दिन रोड एक्सीडेंट एवं अन्य तरह की घटनाएं नशे की हालत में देखने को मिल रहा है। जिससे हानी के अलावे कुछ नहीं मिलता है। वहीं उपास्थि दुकानदार के लोगों में शाहिद अंसारी ,श्याम किशोर महतो, धीरज कुमार, रंजीत, बाबूलाल, ने भी अपने वक्ता में लोगों को नशा से परहेज होने की गुहार लगाई उन्होंने कहा जिस समाज में नशा का कारोबारी चल रहा हो उस समाज में बुराई भी ज्यादा बढ़ जाती है इसलिए बुराई से हर इंसान को रुकना चाहिए। उपस्थित,राहगीर ,दुकानदार सदस्यों जनप्रतिनिधियों ने इस कार्य का सराहना कर नशा मुक्ति धनबाद हो उसका संकल्प लिया और अधिक से अधिक लोगों को जागरुक करने के लिए भागीदारी बने तौहीद आलम, साद आलम ,राजेश कुमार।

# गर्मी से परेशान लोग देर शाम को निकलना शुरू किया रोड जाम ट्रैफिक परेशान

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद :कोयलांचल धनबाद में दिन क़े हीट वेव से परेशान लोग अब शाम 6 बजे क़े बाद घर से निकल रहें है, नतीजा धनबाद का हृदय स्थल बैंक मोड़ देर शाम तक रहा जाम गुलजार रहा बाज़ार लेकिन परेशान रहा राहगीर, जाम क़े कारण शुक्रवार को चलने तक की जगह नहीं थी लोग रेंग कर सड़क पार कर रहें थे, ट्रैफिक पुलिस का कहना है की दिन भर सड़क पर सन्नाटा रहता है, देर शाम से शुरू होती है जाम का सिलसिला जो देर रात तक हम लोग हाँफ्ते रहते है.





## विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर सामाजिक संस्था समर्पण एक नेक पहल ने लगाया रक्तदान शिविर साथ ही निकाली गई जागरुकता रैली

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : भूली एमपीआई हॉल में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सामाजिक संस्था समर्पण एक नेक पहल ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया जिसमें कुल 22 रक्त दाताओं ने रक्तदान किया इस शिविर का आयोजन संस्था के सक्रिय सदस्य सौरभ चौहान के नेतृत्व में किया गया इसके साथ ही संस्था के द्वारा भूली ए ब्लॉक से बी ब्लॉक तक रक्तदान जागरुकता रैली भी संस्था के सदस्यों द्वारा निकाली गई , संस्था के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष दिपेश चौहान ने कहा कि पूरे देश में हर वर्ष 1500000 यूनिट रक्त की आवश्यकता पड़ती हैं जिसमें केवल 1100000 यूनिट रक्त की संग्रहित हो पाती हैं जो चिंता जनक हैं आज हम सभी रक्तदान को लेकर काफी जागरूक हुए हैं लेकिन फिर भी हम सभी को और अधिक जागरुकता फैलाने की आवश्यकता हैं ताकि लक्ष्य की प्राप्ति की जा सके, जरूरतमंद को रक्त की पूर्ति कराई जा सके।




मौके पर मुख्य रूप से संस्था के केंद्रीय कोषाध्यक्ष विधासागर चौहान उर्फ़ बिट्टू चौहान, संस्था के धनबाद जिला अध्यक्ष मनोज कुमार मंडल, उपाध्यक्ष तापेश्वर चौहान, भूली ब्लड डोनर ग्रुप के संस्थापक रवि सिंह, सक्रिय सदस्य सौरभ चौहान, सुजीत मोदी, तपन मंडल, बंटी पांडे, रोहित चौहान, नागेन्द्र रवानी, दीवाकर तिवारी अन्य कई गणमान्य रक्तदान शिविर में उपस्थित हुए।

परिवर्तनकारी शिक्षक महासंघ ने किया मांग

## शिक्षकों पर हुई कार्रवाई की हो वापसी

- वेतन कटौती, निलंबन एवं बर्खास्तगी हो समाप्त

पोलिट लाइव रिपोर्टर



पटना : परिवर्तनकारी शिक्षक महासंघ के प्रदेश कार्यकारी संयोजक नवनीत कुमार एवं प्रदेश संगठन महामंत्री शिशिर कुमार पांडेय ने संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर शिक्षकों पर हुई कार्रवाइयों को वापस लेने की मांग की है।

नेता द्वय ने बताया कि शिक्षा सुधार के नाम पर निवर्तमान अपर मुख्य सचिव शिक्षा विभाग के द्वारा शिक्षकों पर कई तरह की कार्रवाइयाँ की गई है। जिसमें शिक्षकों के वेतन कटौती, निलंबन एवं बर्खास्तगी प्रमुख हैं। पिछले एक वर्ष में शिक्षकों का जो मानसिक दोहन और शोषण हुआ है उसकी भरपाई विभाग द्वारा कार्रवाइयों को वापस लेकर की जा सकती हैं। इस अवधि के दौरान शिक्षकों को अनावश्यक एवं पूर्वाग्रह से ग्रस्त होकर तरह-तरह की प्रताड़नाएं दी गई हैं। गर्मी की छुट्टी समेत होली, रक्षाबंधन एवं अन्य त्योहारों में छुट्टियों की कटौती इसका ज्वलंत उदाहरण है। इसके अलावा मनमाने तरीके से स्कूल टाइमिंग को बदलना न केवल शिक्षकों के लिए बल्कि छात्रों के लिए भी कठिन रहा है।

प्रदेश मीडिया प्रभारी मृत्युंजय ठाकुर ने बताया कि राज्य के करोड़ों बच्चे जो सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे हैं उनका भविष्य बनाना शिक्षकों का कार्य है। राज्य के शिक्षक पूरी निष्ठा लगन और ईमानदारी से शिक्षण कार्य कर रहे हैं। इसके बावजूद विभाग द्वारा एक भय का माहौल बनाया गया। संविदाकर्मियों, अनुबंधकर्मियों, नियोजित,शिक्षा विभाग से इतर लोगों एवं कनीय कर्मचारियों के द्वारा विद्यालय निरीक्षण कराना शिक्षकों की प्रतिष्ठा को धूमिल कर रहा है।

## बिजली की लचर व्यवस्था के खिलाफ भाजपाइयों ने विद्युत कार्यपालक अभियंता कार्यालय के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया

पोलिट लाइव रिपोर्टर



गोविंदपुर: गोविंदपुर प्रखंड क्षेत्र में बिजली की लचर व्यवस्था के खिलाफ शुक्रवार को भाजपाइयों ने प्रदेश कार्य समिति सदस्य धर्मजीत सिंह के नेतृत्व में विद्युत कार्यपालक अभियंता कार्यालय के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि गोविंदपुर, बरवाअड्डा एवं आसपास के क्षेत्रों में बिजली की स्थिति विकट हो गई है। इस लचर व्यवस्था से लोग भीषण गर्मी में त्राहिमाम कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि अगर इसमें तुरंत सुधार नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। श्री सिंह ने कार्यपालक अभियंता की अनुपस्थिति में गोविंदपुर के एसडीओ स्वरूप कुमार बक्शी एवं बरवाअड्डा के एसडीओ रजनीश कुमार से वार्ता की। श्री सिंह ने कहा कि अगर वार्ता पर अमल नहीं हुआ तो कड़ा रूख अपनाया जाएगा। इसे गंभीरता से लेते हुए एसडीओद्वय ने आश्वासन दिया कि प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं को निपटाया जाएगा। श्री सिंह ने कार्यपालक अभियंता के नाम एक ज्ञापन भी सौंपा। जिसमें अनावश्यक बिजली कटौती बंद करने, मानसून से पूर्व बिजली के खंभों एवं तारों की जर्जर स्थिति में सुधार करने, क्षेत्र में ट्रांसफार्मर जल जाने पर 1 से 2 दिनों में नया ट्रांसफार्मर लगाने आदि मांगें की गई हैं। एसडीओद्वय ने एक सप्ताह के भीतर सभी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर करने का भरोसा दिलाया। वार्ता में श्री सिंह के अलावा बलराम साव, दिनेश मंडल, रतिरंजन गिरि, बमबम साव, किरिटी भूषण रूज, राजकिशोर महतो, विवेकानंद पांडेय, जग्गू साव, गोविंद राय, अशोक गिरि, नंदगोपाल गिरि, पप्पू विश्वकर्मा, विनय साव, सुनील मंडल, प्रमोद हेंब्रम, टेकलाल महतो, प्रदीप विश्वकर्मा, इंद्रजीत मंडल, शिवप्रसाद पांडेय, कुंदन पांडेय, मृत्युंजय पांडेय, सुनील गोप, भीम कुंभकार, आनंद कुंभकार, आनंद महतो, दिलीप महतो, रामू गोप, गोविंद कुमार, राजकुमार दासौंधी आदि ने भाग लिया।

## लापता



**नामः- प्रकाश कुमार हरी**

**उमरः- 20 वर्ष**

**बड़ा भाई का नामः- पिंटू हरी**

**रंगः- शावला, शर्टः- भूरे रंग का शर्ट पहना है**

**पताः- छाताबाद 5 नंबर, पानी टंकी के सामने का रहने वाला है।**

**घर से 13 जून की रात से लापता है, घर वालो का कहना है कि दिमागी संतुलन ठीक नही है। रात में घर से कहीं निकल गया है जिसको लेकर पूरे घर वालों का रो रो कर बुरा हाल है। अगर किसी को कहीं दिखाई देते है तो 8434014377 / 6299422838 पर कॉल करके जानकारी जरूर दे।**

# पानी समस्या को लेकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर मुख्य मार्ग जाम किया

पोलिट लाइव रिपोर्टर




तिसरा: लोदना क्षेत्र के गोल्डन पहाड़ी की 5000 आबादी पिछले दो माह से पीट वाटर की समस्या झेल रहे हैं! शुक्रवार की सुबह दर्जनों की संख्या में ग्रामीण नॉर्थ तिसरा परियोजना पहुंच गए! प्रबंधन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने लगे! परियोजना जाने वाली मुख्य मार्ग को जाम कर दिया! 2 घंटे बाद प्रबंधक डीके माजी पहुंचे! आंदोलन कर रहे ग्रामीणों से कहा कि आपकी जो भी समस्या है उसका समाधान होगा! वार्ता के लिए नॉर्थ तिसरा कार्यालय ग्रामीणों को बुलाया गया! वार्ता के दौरान तय हुआ कि एक सप्ताह के अंदर पाइपलाइन जो बिछाने का काम किया जा रहा है उसे पूरा कर लिया जाएगा और पीट वाटर की कमी नहीं होगी! तब जाकर आंदोलन समाप्त हुआ! वार्ता के दौरान ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा कि एक सप्ताह के अंदर यदि प्रबंधन पाइपलाइन जोड़कर पानी देने का काम नहीं करेगी तो परियोजना का चक्का जाम किया जाएगा!

वार्ता में प्रबंधन की ओर से डी के माझी अभियंता हिमांशु कुमार तथा ग्रामीणों में शिवकुमार सिंह नरेंद्र सिंह पीके मित्रा रामेश्वर सिंह जितेंद्र निषाद नरेश साव आदि शामिल थे!

# कल से बदल सकता है मौसम का मिजाज, रेड अलर्ट



पोलिट लाइव रिपोर्टर

PL न्यूज़ डेस्क - रांची सहित पूरे राज्य में गर्मी से राहत नहीं है। मौसम विभाग ने आज भी कई जिलों में हीटवेव का रेड अलर्ट जारी किया है। इनमें राज्य के उत्तर-पश्चिमी और दक्षिणी पूर्वी इलाका शामिल है। गढ़वा, पलामू और सरायकेला में सबसे ज्यादा हीटवेव का खतरा है। लोगों से सतर्क रहने की अपील की गई है।

राज्य के उत्तर पश्चिमी भाग में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। कल से मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। उत्तर पूर्वी, मध्य और दक्षिणी भाग में बारिश के आसार है। मौसम विभाग के अनुसार 16 जून को राज्य में मानसून दस्तक दे सकता है। 16 जून के बाद पूरे राज्य में बादल छाए रहेंगे। तापमान में गिरावट देखने को मिल सकती है। पिछले 24 घंटे में सबसे ज्यादा तापमान 45.6 डिग्री डाल्टनगंज में दर्ज किया गया। 9 जिलों में 42 डिग्री तापमान रिकॉर्ड किया गया।

# बकरीद को ले शांति समिति की बैठक आयोजित



पोलिट लाइव रिपोर्टर

गोबिंदपुर : थाना परिसर में बकरीद पर्व को देखते हुए शुक्रवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई बैठक में प्रखंड क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोग शामिल हुए बैठक के दौरान थाना प्रभारी एवं विडियो ने जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोगों से बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण और भाईचारे के माहौल में मनाने की अपील की उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र के सभी संवेदनशील जगहों पर बकरीद पर्व को लेकर के पुलिस बल की तैनात की जाएगी पूरे क्षेत्र में पुलिस गश्ती भी जारी रहेगी असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखी जायेगी ऐसे में कही भी कोई अफवाह फैले तो इसकी तुरंत सूचना प्रशासन को दें!

# भाजपाइयों ने रेजली बांध के गहरीकरण कार्य का निरीक्षण किया

- कहा सौंदर्यीकरण के नाम पर राशि की बंदरबांट नहीं होने दी जाएगी

पोलिट लाइव रिपोर्टर

गोविंदपुर : भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य धर्मजीत सिंह ने कहा कि रेजली बांध क्षेत्र की धरोहर है। इसके सौंदर्यीकरण के नाम पर राशि की बंदरबांट नहीं होने दी जाएगी। श्री सिंह ने शुक्रवार को भाजपाइयों के साथ रेजली बांध के गहरीकरण कार्य के निरीक्षण के दौरान उक्त बातें कही। ऐतिहासिक रेजली बांध का गहरीकरण एवं सौंदर्यीकरण जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) से निर्गत करीब पांच करोड़ रुपए की लागत से हो रहा है। श्री सिंह ने कहा कि गहरीकरण कार्य की बार-बार शिकायतें मिल रही थी। लोग शिकायत कर रहे थे कि ढंग से काम नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रत्यक्ष देखने पर शिकायतें सही निकली। गहरीकरण के नाम पर टीले को ढाहकर समतल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह सारा खेल पैसे की लूट के लिए खेला जा रहा है। इस लूट की वजह से गोविंदपुर की जनता फिर ठगी जाएगी। यह लूट ठेकेदार के माध्यम से हो रही है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने साइड इंजीनियर से कार्यों की जानकारी भी ली। कार्य समिति सदस्य ने कहा कि इस लूट की उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए। अन्यथा लूटपाटकर ठेकेदार चले जाएंगे और यहां के लोग हाथ मलते रह जाएंगे। श्री सिंह के साथ जिला मीडिया प्रभारी रतिरंजन गिरी, दिनेश मंडल, किरीटी भूषण रूज, बमबम साव, जग्गू साव, राज किशोर महतो, गोविंद राय, पप्पू विश्वकर्मा, अशोक गिरि, सुनील मंडल आदि शामिल थे।




# केवल हाजिरी बनाकर डॉक्टर साहब ले रहे हैं वेतन

पोलिट लाइव रिपोर्टर






धनबाद:- बस्ताकोला झरिया गौशाला रोड वार्ड नंबर 34 में सरकारी फंड के द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिर नामक केंद्र खोला गया है , जहां स्थानीय लोगों को आधारभूत चिकित्सा सेवा प्रदान करने की व्यवस्था की गई है । जिसमें एक नर्स , डॉक्टर यहां तक की सुरक्षा गार्ड की भी व्यवस्था की गई है । भवन सुंदर , सुव्यवस्थित तरीके से सजी हुई है । व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं है परंतु यहां नियुक्त किए गए डॉक्टर साहब केवल खानापूर्ति कर रहे हैं । वह अपने चार-चक्के वाहन से आते हैं अंगूठा दबाकर और फिर चले जाते हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार डॉक्टर साहब संध्या बेला फिर आते हैं और हाजिरी आउट कर लेते हैं इस प्रकार से महीने का वेतन डॉक्टर साहब के खाते में चला जाता है स्थानीय लोगों से बातचीत करने पर पता चला कि यहां पर पाठक जी नामक एक डॉक्टर साहब आते हैं जिनका प्रतिदिन का काम केवल अंगूठा लगाना ही होता है । डॉक्टर साहब सरकार के द्वारा दिए गए सुविधाओं को लोगों से वंचित रख रहे हैं।

## बकरीद को ले जोगता में शांति समिति की बैठक



**बैठक की अध्यक्षता थानेदार एवं संचालन समाजसेवी मोहम्मद शकील अहमद ने की**

पोलिट लाइव रिपोर्टर

जोगता: बकरीद को लेकर जोगता थाना परिसर में शुक्रवार को शांति समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता कर रहे थानेदार राजेश कुमार ने पर्व को शांति, सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। उन्होंने सरकारी गाइडलाइन से अवगत कराते हुए कहा कि संवेदनशील जगहों पर पुलिस की विशेष नजर रहेगी। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट किए जाने पर कार्रवाई होगी। इसके लिए सोशल मीडिया पर सतत निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने किसी तरह की जानकारी मिलने पर तत्काल सूचना देने की अपील की। शकील अहमद, भोला राम, सुदर्शन सिंह, रामेश्वर राम, रूस्तम अंसारी, मो. अनसारुल, मुन्ना, अनुज सिन्हा, मुकेश गुप्ता, मजहर अंसारी, मोहन लाल नोनियां, जावेद अंसारी, मंगल चौहान, निर्मल कुमार, शहाबुद्दीन अंसारी आदि उपस्थित थे।

## इंस्टाग्राम पर गौशाला ओपी प्रभारी को गाली गलोज एवं ओ पी उड़ाने की धमकी देने वाला युवक को पकड़ने गए ओपी प्रभारी के साथ मारपीट कर चोटील करने के खिलाफ मामला दर्ज कर भेजे जेल

पोलिट लाइव रिपोर्टर



सिंदरी: चासनाला साउथ कालोनी निवासी साधन मंडल द्वारा आपने इस्टाग्रा आईडी पर विडिओ डालकर गौशाला ओ पी प्रभारी को गाली गलोच एवं ओ पी उडाने की धमकी देने बाले को पकड़ने गये गौशाला ओपी प्रभारी के साथ उक्त युवक द्वारा मारपीट कर चोटील करने के खिलाफ गौशाला ओपी प्रभारी अनिल मंडल ने आपने फर्द व्यान पर सिंदरी थाना मामला दर्ज किया है। उन्होंने आपने लिखित पर्द व्यान मे कहा है कि गुप्त सुचना मिला था की चासनाला साउत कालोनी निवासी साधन मंडल ने आपने इस्टाग्रा आई डी साधन 0009 के माध्यम से गौशाला ओपी को गाली गलोच करते हुए बम गिरा देने की धमकी दिया हैं। सोशल मिडिया प्लैटफॉर्म पर वायरल वीडियो के संबंध जांच किया तो सही पाया गया। साधन मंडल घर पुछताछ करने गया तो साधन ने मेरे साथ धक्का मुक्की करते हुए मारपीट कर चोटील कर दिया ,सस्त्रबल एवं पाथरडीह थाना पुलिस के बीच बाचाओ एवं सहीयोग सधन को गिरफ्तार कर मामला दर्ज कर जेल भेजा गया।

## बीजेपी के जीत पर खुश है पटाखे फोड़े गए, मिठाई बांटे गए गोविंदपुर बांधदी गांव में



पोलिट लाइव रिपोर्टर

गोविंदपुर : बड़ा नवाटाड़ पंचायत के बांधदी गांव में जश्न मनाया गया रेखा देवी ममता देवी लक्ष्मी देवी जानू देवी सुनीता देवी प्रिया देवी सविता देवी संजू देवी रुक्मिणी देवी पिंकी देवी सुनीता देवी अंजू देवी सभी लोग बीजेपी के लिए बहुत खुश है पटाखे फोड़े गए हैं मिठाई बांटे गए वह धूमधाम से जश्न मनाया गया हम सब समूह के महिलाएं के तरफ से दुल्लू भैया एवं मोदी जी को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं.

## शहर में विधि व्यवस्था और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए गोड्डा के विभिन्न स्थानों का हुआ निरीक्षण



पोलिट लाइव रिपोर्टर

गोड्डा: शहर में विधि व्यवस्था और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सदर प्रभार के पुलिस निरीक्षक मधुसूदन मोदक ने नगर थाना के पुलिस अवर निरीक्षक, भोलानाथ दास, संजय कुमार सिंह, अशोक कुमार दुबे, द्वारिका प्रसाद के साथ शहर के विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया जा रहा है साथ ही निगरानी भी रखी जा रही हैं|

## सिंदरी निवासी आशीष सिंह सूर्यवंशी ने कोयला एवं खान मंत्री जी0 किशन रेड्डी से मुलाकात कर झरिया पुनर्वास एवं झरिया प्रदूषण नियंत्रण के विषय पर ज्ञापन सौंपा

पोलिट लाइव रिपोर्टर



सिंदरी: शुक्रवार को सिंदरी निवासी एवं युवा सदन मिडिया प्रभारी आशीष सिंह सूर्यवंशी ने अपने टीम के सक्रिय सदस्य अंकित शुक्ला एवं धर्मेश मालवीय के साथ भारत के राजधानी दिल्ली में भारत सरकार के नवनियुक्त कोयला एवं खान मंत्री जी० किशन रेड्डी से मुलाकात कर झरिया पुनर्वास एवं झरिया प्रदूषण नियंत्रण के विषय पर ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान उन्होंने मंत्री को बताया कि झरिया की लगभग 6 से 7 लाख की आबादी भूस्खलन वाले क्षेत्र में निवास कर रही है जहां कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। भूमिगत कोयले में लगी 100 वर्षो पुरानी आग आज तक नहीं बुझाई जा सकी है और पूरा झरिया खोखला हो चुका है इसके बावजूद भी लोग इस खतरनाक जोन में रहने को विवश है। उन्होंने मंत्री को दिए गए आवेदन में लिखा है की बीसीसीएल तथा जिला प्रशासन के नेतृत्व में गठित 'झरिया रूरल डेवलपमेंट अथॉरिटी' द्वारा झरिया पुनर्वास योजना बनाई तो गई थी,लेकिन यह धरातल सुविधा पर अमल नहीं हो पा रहा है। लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित तथा रोजगार विहीन क्षेत्र में प्रवास नहीं करना चाहते हैं, क्योंकि वहां आजीविका और व्यवसाय का कोई स्रोत नहीं है। आशीष ने मंत्री के समक्ष अपना सुझाव पक्ष रखते हुए कहा की झरिया के लोगों को भूलि टाउनशिप एरिया तथा धनबाद कोयला नगर में बीसीसीएल द्वारा लगभग 20 से 30 एकड़ भूमि खंड पर निर्मित जर्जर हो चुके 5000 आवासों को पुनर्विकसित करते हुए झरिया के बहुत से परिवारों को उस स्थान पर सुरक्षित पुनर्वास करवाया जा सकता है, यह स्थान बड़े बाजार से बहुत करीब है और लोगों के लिए व्यवसाय करने तथा अपना आजीविका चलाने की दृष्टिकोण से सबसे उपयुक्त स्थल है। उन्होंने मंत्री को बताया कि यहां आए दिन भूस्खलन की घटनाएं होती रहती हैं और भूस्खलन में लोगों की मृत्यु आम बात है। झरिया में बढ़ते प्रदूषण और प्रदूषण जनित रोगों का कारण उन्होंने भारत कोकिंग कोल लिमिटेड को बताया है, उन्होंने लिखा है कि भारत कोकिंग कोल लिमिटेड नियमों का अनुपालन नहीं करवा पाती है. यहां आउटसोर्सिंग पर भी लगाम नहीं है। उन्होंने मंत्री से अनुरोध किया है कि किसी बड़े हादसे से पहले झरिया के लोगों को सुरक्षित और रोजगार परक स्थान पर पुनर्वासित किया जाए तथा झरिया प्रदूषण नियंत्रण की दिशा में भी ठोस पहल करें। मंत्री ने पत्र को स्वीकार करते हुए आशीष को आश्वासन दिया है कि वह इस विषय पर विचार करेंगे।

## ट्रेन की चपेट में आए तीन लोगों की एक साथ मौत की सुचना से गोविंदपुर स्टेशन में सनसनी

**2 बच्चे और पिता होने की आशंका ,जाँच में जुटी पुलिस, हत्या या आत्महत्या**

पोलिट लाइव रिपोर्टर



जमशेदपुर : जमशेदपुर के गोविंदपुर स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत हो गयी । वही तीन लोगों की एक साथ मौत की सुचना से क्षेत्र में सनसनी फ़ैल गई। मृतक लोगो में दो बच्चें और एक व्यक्ति शामिल है। जानकारी के अनुसार तीनों शवों की पहचान नहीं पायी है. स्थानीय लोगों का मानना है की मृत तीनों बाप बेटे हो सकते है। लेकिन यह मामला हत्या से जुड़ा है या आत्महत्या से पुलिस हर पहलु पर जांच कर रही है। हलाकि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये एमजीएम अस्पताल भेज दिया है। और हर बिन्दुओं पर पुलिस जाँच पड़ताल कर रही है. फिलहाल पुलिस शव की पहचान करने में जुटी है।

# पेयजल संकट से फूटा लोगों का गुस्सा, माडा कर्मियों को बनाया बंधक

पोलिट लाइव रिपोर्टर

कतरास : बीते कई माह से पानी की समस्या से जूझ रहे छाताबाद दस नंबर व आसपास के नागरिकों के सब्र का बांध अब टूट गया और वे शुक्रवार को आंदोलन पर उतर आए। नागरिकों ने छाताबाद पांच नंबर स्थिंत कतरास चैतूडीह पानी टंकी के समीप पहुँचकर जमकर बवाल काटा और माडा कर्मियों को घंटों बंधक बनाकर रखा। आंदोलनकारी नियमित जलापूर्ति की मांग कर रहे थे। सूचना पाकर माडा के एसडीओ कौशलेश कुमार यादव



आंदोलनस्थल पर पहुंचे। इस दौरान एसडीओ को नागरिकों के कोपभाजन का शिकार होना पड़ा और उन्हें खरी खोटी सुननी पड़ी। एसडीओ नागरिकों की समस्याओं से रूबरू हुए। एसडीओ ने तोपचांची झील में पानी का जलस्तर नीचे जाने का जिक्र करते हुए कहा कि टेंडर पास होते ही तोपचांची झील का जीर्णोद्धार किया जाएगा। एसडीओ ने धर्माबांध जलापूर्ति स्थल का जायजा लिया। उन्होंने छाताबाद और छाताबाद 10 नंबर में बराबर बराबर जलापूर्ति करने का भरोसा देते हुए कहा कि इसके लिए छाताबाद ओवरब्रिज से गुजरे पाइप की मरम्मत कराई जाएगी। साथ ही धर्माबांध से पीट वाटर की आपूर्ति कराने का व्यवस्था सुनिश्चित कराया जाएगा। इसके बाद लोगों का गुस्सा ठंडा हुआ और मामला शांत हो गया। मौके पर भाजपा के मुकेश झा, पूर्व पार्षद महेश पासवान, जितेंद्र शर्मा, दुर्गा ठाकुर, पोदिन भुइंया, दिलीप शर्मा, संजय शर्मा, इमरान अंसारी, सूरज दास, रमेश कुमार, दीपक कुमार, मंजय पासवान, सुग्रीव चौहान, अब्दुल सत्तार अंसारी, आबिद अंसारी, अनवर अंसारी, राजेंद्र शर्मा, राजेश भुइंया, धीरज दास, मो दाउद, कंचन पासवान, निखील चौहान, चंदेश्वर नोनिया, बिरेंद्र शर्म|

## विश्व रक्तदान दिवस पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रौतारा गोड्डा में रक्तदान शिविर सह जागरूकता कार्यशाला का हुआ आयोजन

पोलिट लाइव रिपोर्टर

गोड्डा : राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन गोड्डा के तत्वावधान में विश्व रक्तदान दिवस के मौके पर शहर के शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रौतारा में आयोजित रक्तदान शिविर सह जागरूकता कार्यशाला का आयोजन डॉ खालीद अंजुम,डी आर सी एच ओ के नेतृत्व में किया गया जिसमें कुल 11 स्वास्थ्य कर्मियों एवं नगर के लोगो ने रक्तदान किया। रक्तदान करने वाले व्यक्तियों का हौसला बढ़ाते हुए डॉ आकाश ने कहा कि प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को साल में तीन से चार बार रक्तदान जरुर करना चाहिए।




रक्तदान करने से स्वास्थ्य पर इसका अच्छा प्रभाव पड़ता है। हमारे और आपके द्वारा दान किए गए रक्त से किसी की जिंदगी बच सकती है। रक्तदान एक बहुत ही पुनीत कार्य है। रक्तदान महादान है, इसे जीवनदान के बराबर माना जाता है। साहिया सोनी कुमारी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम के जरिए मौका मिला कि सामूहिक रक्तदान में शामिल होकर रक्तदान किया जाए। हमारा रक्त ना जाने किस जरूरतमंद व्यक्ति का जीवन रक्षा कर सकता है। जिले में स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए नौजवानों को ब्लड डोनेशन कैम्प में अपनी भागीदारी करने की जरूरत है। एल टी राजेश कुमार ने कहा कि जिले के जिला स्तरों के अस्पतालों में खून की काफी कमी है। सभी लोग मिलजुल कर ही इसको पूरा कर सकते हैं। स्वास्थ्य के क्षेत्र में सभी लोग मिलजुल कर कार्य करेंगे तभी स्वस्थ समाज का निर्माण होगा।

डॉ. राहुल कुमार सिफिल ने कहा कि रक्तदान के लिए युवा वर्ग को आगे आने की आवश्यकता है, तभी रक्त की कमी को अस्पतालों में पूरा किया जा सकता है। रक्तदान शिविर में मेडिकल स्टाफ प्रभात झा,विनोद कुमार की टीम ने सहयोग दिया। रक्तदान शिविर के आयोजक जिला शहरी स्वास्थ्य प्रबंधक जयशंकर ने आभार जताया। इस अवसर पर बीटीटी प्रह्लाद कुमार, आराधना कुमारी, साहिया राखी, तर्रानुम खातून मंडली कुमारी,आदि ने भाग लिया।

## विधायक के पहल पर 16 नया ट्रांसफार्मर पहुंचा महागामा...



पोलिट लाइव रिपोर्टर

गोड्डा : इस भीषण गर्मी में विद्युत ट्रांसफार्मर विभिन्न क्षेत्रों में काफी खराब हो रहा है।जिसको लेकर महागामा विधायक दीपिका पांडेय सिंह ने जेबीवीएनएल के अधिकारी से संवाद कर जनसमस्या को देखते हुए विधायक ने महागामा पावर सबस्टेशन में 16 ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया ताकि जिन क्षेत्र में ट्रांसफार्मर की समस्या हो उक्त जगह पर ट्रांसफार्मर लगाकर इस भीषण गर्मी में लोगों को समस्या से निजात मिल पाए।

## पथरगामा पूर्वी जिला परिषद सदस्यअमित भगत के पहल पर जामजोरी ग्राम में ख़राब पड़े ट्रांसफार्मर लगवाया गया



पोलिट लाइव रिपोर्टर

गोड्डा : पथरगामा प्रखंड अंतर्गत ग्राम जमजोरी में लगभग 3 महीने से ट्रांसफार्मर ख़राब था जिसके कारण यहाँ के लोगों बिजली नही मिल पा रहा था गर्मी में ग्रामीण लोग काफी परेशान थे ग्रामीणों ने अपनी समस्या अमित भगत को बताई अमित भगत ने समस्या को संज्ञान में लेते हुए नये ट्रांसफार्मर को लगाया गया। ट्रांसफार्मर का उद्घाटन अमित भगत और ग्रामीण ने फीता काटकर व नारियल फोड़ कर किया गया ।

ग्रामीणों में खुशी का मोहोल देखा गया। मौके पर महजूद ग्रामीणों ने अमित भगत का आभार व्यक्त किया। वही अमित भगत का कहना हैं हमारे क्षेत्र किसी भी जनता को किसी भी प्रकार की समस्या हैं तो हमसे मिलकर कहे जहाँ तक हो सके अपने अस्तर से समस्या का समाधान करने की भरसक कोसिस करने का प्रयास करूँगा।

## जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त,गोड्डा जिशान कमर की अध्यक्षता में भू अर्जन विभाग की आहूत समीक्षात्मक बैठक संपन्न

- संबंधित पदाधिकारी को मिला आवश्यक एवं उचित दिशा-निर्देश

पोलिट लाइव रिपोर्टर

गोड्डा : समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त गोड्डा जिशान कमर की अध्यक्षता में जिला भू -अर्जन कार्यालय के कार्यों की समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई।

बैठक के दौरान उपायुक्त द्वारा भू-अर्जन विभाग के अंतर्गत लंबित दाखिल-खारिज, भूमि सीमांकन, लंबित प्रमाण पत्र के मामले, भारत सरकार और



राज्य सरकार के विभिन्न एजेंसियों एवं अंतर्विभागीय भूमि हस्तांतरण के संबंध में पूरी जानकारी ली गई। उन्होंने म्यूटेशन से संबंधित मामलों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त के द्वारा सभी अंचल अधिकारियों को निष्पादन योग्य मामलों का तय समय सीमा में निपटारा करने के निर्देश दिए गए। लैंड डिमार्केशन, सक्सेशन पार्टिशन-म्यूटेशन आदि की अंचलवार समीक्षा करते हुए भी उपायुक्त ने लंबित मामलों के निष्पादन में तेजी लाने को कहा गया।

इस मौके पर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी ,गोड्डा श्री रितेश जयसवाल सहित भू - अर्जन कार्यालय के कर्मीगण मौजूद थे।